# विज्ञान समिति, उदयपुर

# मासिक रिपोर्ट

Estb : 1959
Reg. No. 94 / 68-69

नियमित मासिक प्रकाशन का सोलहवां वर्ष



Phone :
0294-2413117, 2411650
E-mail Id :
samitivigyan@gmail.com
Website :
www.vigyansamitiudaipur.org



अंक :186 | स्वैच्छिक सेवा का 59 वां वर्ष | सितम्बर 2017


## विज्ञान लोकप्रियकरण

●**लोकविज्ञान :** सितम्बर अंक के लेख **''कृत्रिम बुद्धि की ओर बढ़ते कदम, कोलेस्ट्रोल, संयोग से भी होते हैं आविष्कार, विज्ञान का रोचक ज्ञान,पहाड़ का अर्थ, प्रेरक प्रसंग''**।

**एमपीयूएटी एवं विज्ञान समिति साझा कार्यक्रम :** आदर्श ग्राम देवाली विकास कार्यक्रम –

● **आम के उन्नत पौधों का खेतों में रोपण –**

पिछले माह बाँसवाड़ा से मंगवाये 150 आम (आम्रपाली एवं मलिका) पौधों का 20 किसानों के खेतों पर रोपण हो गया। रोपण विधि की जानकारी पिछले माह विस्तृत रुप से दे दी गई थी। 2 x 2 x 2 के खड्डों मे रेत और वर्मी कम्पोस्ट अथवा सड़ा गोबर का खाद देने की राय दी गई थी।

● आठ सितम्बर को सिलाई प्रशिक्षण प्रारम्भ किया गया, जिसके लिए 6 सिलाई मशीनें समिति से लेकर गये, कुछ मशीनें गाँव से भी एकत्रित की गई। प्रशिक्षक गाँव की ही दुर्गा कँवर है। 15 महिलाएं 2 से 4 बजे तक यह प्रशिक्षण लेती है। इस प्रशिक्षण के प्रायोजक हैं, हमारे सदस्य **श्रीमान् हनुमन्त कुमार तलेसरा**। 27 सितम्बर को ग्रामीण महिला चेतना शिविर में सीखने वाली कुछ महिलाएं आईं और अपने साथ सीखने के बाद कुछ सिले हुए कपड़े भी लेकर आई थी उस पर उन्हें कुछ सुझाव भी दिये गये। इस कार्यक्रम में समिति से **डॉ के एल कोठारी, इंजी. एस एल गोदावत, श्रीमती मंजुला शर्मा एवं श्री कैलाश** उपस्थित थे। समिति कार के अलावा डॉ एस एल गोदावत की कार में वैज्ञानिक, समिति सदस्य एवं मशीनें ले जाई गयी।

● आठ सितम्बर को ही महिलाओं को मक्का आधारित खाद्य पदार्थ – खमण एवं पोपकोर्न तैयार करने की विधि का प्रदर्शन किया गया। यह प्रदर्शन कॉलेज ऑफ डेयरी एवं फूड साइंस टेक्नोलॉजी के दो वैज्ञानिकों – **श्रीमती पुर्णिमा मनोहर** और **श्रीमती उषा कँवर** द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में 25 महिलाएं उपस्थित थीं। डॉ के एल कोठारी ने सारी विधि को स्थानीय भाषा में बोलकर पुनः दोहराई और प्रश्नोत्तर हुए।

● छब्बीस सितम्बर को सरसों का उन्नत बीज (लक्ष्मी सी.एस.) किसानों को वितरित किया। चुँकि सरसों के बीज को बोने का समय निकट आ गया अतः गाँव में पूर्व वार्ता के अनुसार 3–3 किलो उन्नत सरसों के बीज की छः थैलियां खरीदी गई। कार्यक्रम में **डॉ के एल कोठारी, डॉ जी एस आमेटा एवं डॉ जे के दोशी**। चावण्डा माता मन्दिर के प्रांगण में किसानों से चर्चा की गई और उन्हें जौ और गेहूँ के उन्नत बीज बोने के लिए भी प्रेरित किया गया। जिसे कई किसान खरीदना चाहेंगें। डॉ. आमेटा ने किसानों को बताया कि बीज निगम से 10 रु. प्रति किलो छूट लेने के लिए हर किसान को फॉर्म भरना पड़ेगा। जिसकी 50 फोटो कॉपी करवाकर **घीसूलाल मेघवाल** के साथ भिजवा दिये। इसी बैठक में 16 अक्टूबर को विशेष कार्यक्रम करने का भी प्रस्ताव बना।

## महिला सशक्तीकरण

● **नवाचार महिला प्रकोष्ठ :** दिनांक 11 सितम्बर 2017 को नवाचार महिला प्रकोष्ठ की बैठक हुई। **श्रीमती पुष्पा कोठारी** ने मंगलाचरण से कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ। प्रशिक्षिका **श्रीमती संगीता तलेसरा** ने फटाफट नाश्ता के अंतर्गत चिलीचीज सैण्डविच, खाण्डवी सोया चंक्स कटलेट, ओपन कचौरी का लाईव डेमो दिया। सभी सदस्यों ने रुचि से रेसिपी को नोट किया। अन्त में संयोजिका **श्रीमती बेला जैन** ने सबका आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में ग्रुप लीडर **श्रीमती कान्ता जोधावत, सविता कोठारी, मंजु सिंघवी, रेखा मेहता, मेघा दावड़ा, मंजुला शर्मा, राखी जैन** समेत लगभग 60 महिलाएं उपस्थित थीं।

● **वरिष्ठ महिला प्रकोष्ठ :** दिनांक 20 सितम्बर 2017 को बैठक आयोजित की गई। प्रकोष्ठ की संयोजिका **श्रीमती शकुन्तला धाकड़** ने नवरात्री के आने के उपलक्ष में सभी को शुभ–कामनाएं

## आर्थिक सहयोग

- **वार्षिक सहयोग**– डॉ. के.बी. शर्मा रु. 1,000/–
- **छात्रवृत्ति** – श्री ख्यालीलाल बोहरा रु. 20,000/–;
- **लोकविज्ञान प्रकाशन हेतु** – डॉ. आई.एल. जैन – रु. 28,000/–(माह जून 2018 तक)

**सभी सहयोगकर्ताओं का हार्दिक आभार।**


सम्प्रेरक : डॉ. के.बी. शर्मा, अध्यक्ष; डॉ. के.पी. तलेसरा, कार्यकारी अध्यक्ष; रमेश चन्द्र भटनागर, महासचिव
समन्वयक : डॉ. के.एल. कोठारी सम्पादक : श्री प्रकाश तातेड़

दी तथा होने वाले कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का प्रारम्भ एक गेम खेलाकर किया गया जिसे **श्रीमती पायल सुराणा व श्रीमती पुष्पा गुप्ता** ने खेलाया। **श्रीमती शकुन्तला धाकड़** ने एक कविता से सम्बन्धी लिखित गेम खेलाया। कुछ महिलाओं ने नवरात्री पर गाने गाये। कार्यक्रम की **मुख्य वक्ता श्रीमती तारा दीक्षित** थीं उनका स्वागत **श्रीमती शकुन्तला धाकड़ व श्रीमती पुष्पा कोठारी** ने किया। मुख्य वक्ता ने **बुढ़ापा एक स्वर्णमयी सीढ़ी है** उस पर बहुत अच्छी वार्ता दी। उन्होंने कहा कि बुढ़ापे को खुशी से बिताओ। उन्होंने बुढ़ापे पर एक कविता भी सुनाई दान के बारे में भी बताया। **श्रीमती सायर देवी सुराणा** ने स्मृति चिन्ह देकर उनका सम्मान किया अन्त में **श्रीमती पुष्पा कोठारी** ने धन्यवाद दिया।

● **ग्रामीण महिला चेतना शिविर :** 30 सितम्बर को दशहरा होने से बैठक 27 को रखी गई, नवरात्रि का समय होने से महिलाएं कम आई। प्रार्थना के बाद नये सदस्यों का परिचय **श्रीमती मंजुला शर्मा** ने कराया। **प्रो. सुशीला अग्रवाल** ने स्वागत किया और महिलाओं को विज्ञान समिति में आने के लिए प्रेरित किया। **डॉ. प्राची भटनागर** ने हृदय दिवस के संदर्भ में हृदय के अच्छे स्वास्थ्य के लिये 30 आवश्यक अनुकूल उपायों की विस्तृत जानकारी दी। **श्रीमती शंकुतला धाकड़** ने गांधी जयंती एवं **श्री लालबहादुर शास्त्री जी** के बारे में चर्चा की। **डॉ. के.एल. कोठारी** ने जीवन पच्चीसी के बिन्दु पर चर्चा करते हुए तीन दिन के अखबारों में भोंपों द्वारा महिलाओं को डायन बताकर किये गये विकराल अत्याचारों के बारे में जानकारी देते हुए सदस्यों को एक बार और जोर देकर कहा कि डायन नाम की कोई चीज होती नहीं है इस अंधविश्वास से दूर रहें और अपने आस–पास में भी लोगों को इस बात को बतायें।

देवाली गाँव में जो सिलाई प्रशिक्षण चल रहा है उस प्रशिक्षण की कुछ महिलाएं उनके द्वारा सिखी गई कुछ सिले हुए वस्त्र लेकर आये जो सबको बताये। इस प्रशिक्षण के प्रायोजक आदरणीय **हनुमन्त जी तलेसरा** ने भी देखा और अपने सुझाव दिये। **श्री प्रकाश तातेड़** ने महिलाओं को विज्ञापन से सम्बन्धित व सामान्य ज्ञान के प्रश्न पूछे जो सभी को रोचक लगे। **श्रीमती रेणु भण्डारी** ने लहर पर चर्चा की और लहर वितरण की। **श्रीमती मंजुला शर्मा** ने कार्यक्रम का संचालन एवं महिलाओं को समिति में हो रहे सभी कार्यक्रम की जानकारी दी ऋण संबधी जानकारी दी। जलपान, यात्रा भत्ता दिया गया।

● **अभावग्रस्त महिला को पुत्री के अध्ययन के सम्बन्ध में विशेष ऋण – श्रीमती अनिता लोढ़ा** ने प्रार्थना पत्र दिया कि वो एक विधवा महिला है, उनकी पुत्री **सुश्री निशि लोढ़ा** ने फिजियोथैरेपी में प्रवेश लिया है और उसकी फीस जमा करानी है उसमें उसको 43,000 रु. कम पड़ रहा है। निशि लोढ़ा को विज्ञान समिति में पिछले 2 वर्षों में रु. तीन–तीन हजार की छात्रवृत्ति दी थी। सीनियर सैकण्डरी बोर्ड, राजस्थान की 2016 में 74.4% अंक प्राप्त हुए हैं। **श्रीमती मंजुला शर्मा** ने पुनर्भरण की गारंटी ली तथा **प्रो. सुशीला अग्रवाल एवं श्रीमती शंकुतला धाकड़** ने सिफारिश की है अतः 43,000 रु. ऋण देना स्वीकार कर चैक द्वारा दिया गया। **श्रीमती अनिता** शीघ्रातिशीघ्र इस ऋण की अदायगी कर देगी कम से कम 3,000 रु. प्रतिमाह।

## स्वास्थ्य सेवाएं

● **निःशुल्क एक्यूप्रेशर शिविर :** विज्ञान समिति, महावीर इन्टरनेशनल व आरोग्य एक्यूप्रेशर उपचार, शोध एवं प्रशिक्षण प्रन्यास, उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क एक्यूप्रेशर शिविर प्रत्येक गुरुवार व शनिवार को सायं 5 से 6.30 बजे तक सफलतापूर्वक आयोजित हुए। सितम्बर माह में 8 शिविर हुए जिसमें 63 दर्द पीड़ितों की चिकित्सा की गई। सभी चिकित्सकों का प्रशंसनीय योगदान रहा। आभार।

● **श्री बिजयकुमार सुराणा स्मृति निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर :** विज्ञान समिति में **इक्यावनवां शिविर** दिनांक 17 सितम्बर 2017 तृतीय रविवार को आयोजित किया गया। इस चिकित्सा शिविर में **डॉ. आई.एल. जैन** वरिष्ठ फिजिशियन एवं हृदय रोग विशेषज्ञ, **डॉ. ए.के. बापना,** वरिष्ठ फिजिशियन, **डॉ. अनुराग तलेसरा** वरिष्ठ अस्थि रोग विशेषज्ञ**, डॉ. भानु प्रकाश वर्मा,** ईएनटी विशेषज्ञ, **डॉ. निवेदिता पटनायक,** होम्योपेथी विशेषज्ञ **दर्शन डेंटल कॉलेज** की दंत चिकित्सकीय टीम, , **श्री एल.एन. शर्मा, श्रीमती नीलम गुप्ता, श्री ललित पोरवाल, श्री अर्जुनलाल की** एक्यूप्रेशर टीम ने अपनी मानद चिकित्सा परामर्श सेवाएं यथावत प्रदान की। इनके अतिरिक्त टेकिनशियन्स – **श्री उमंग, श्री दिनेश कुमार, केता जोशी, निवाली तेनगड़िया** ने भी अपनी सेवाएं दी। सभी के प्रति आभार। शिविर में कुल 31 नागरिकों का (14 सामान्य, 08 हृदय रोग, 06 ईएनटी, 04 अस्थिरोग, 04 होम्योपेथी, 04 दंत रोग, 12 मधुमेह, 1 नेत्र रोग) विशेषज्ञों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर परामर्श दिया। इसी क्रम में 04 नागरिक को एक्यूप्रेशर थेरेपी से चिकित्सा परामर्श दिया गया। आगामी **बावनवां शिविर 15 अक्टूबर 2017** रविवार को प्रातः 10 से 12 बजे तक आयोजित होगा।

शिविर में **डॉ. के.एल. कोठारी, डॉ. के.बी. शर्मा, श्री गणेश डागलिया, डॉ. बी.एल. चावत, डॉ. के.एल. तोतावत, श्री एम.एस. खमेसरा, डॉ. एस.के. शर्मा, इंजी. अरूण कोठारी, श्री राजेन्द्र खोखावत, श्रीमती रेणु भंडारी** ने विशेष सेवाएं दी।

## दर्शन विज्ञान प्रकोष्ठ

इस माह के द्वितीय शनिवार 9 सितम्बर की बैठक जैन श्वेताम्बर तेरापंथ सभा भवन में **मुनि श्री सुखलाल जी एवं मुनि श्री मोहजित कुमार जी** के सान्निध्य में आयोजित थी। कार्यक्रम था एक सम्पादित पुस्तक 'Scientific Perspective of Jainism' जिसके सम्पादक हैं **डॉ समणी स्थित प्रज्ञा, डॉ. नरेन्द्र भंडारी एवं डॉ. एन.एल. कच्छारा** का विमोचन किया गया। जिसकी अध्यक्षता डॉ. देव कोठारी ने की। **डॉ. प्रेमसुमन जैन** ने पुस्तक की समीक्षा की। पुस्तक एक बहुत अच्छा प्रयास है। बधाई। कार्यक्रम का संयोजन **डॉ. के.एल. तोतावत** ने किया। **डॉ. के.एल. कोठारी** ने प्रकोष्ठ की जानकारी दी। प्रकोष्ठ के अन्य 15 सदस्य उपस्थित थे।

## केलवा प्रोजेक्ट

●श्रद्धा का अगस्त अंक प्रकाशित एवं वितरित हुआ।

●12 सितम्बर को **डॉ. के.एल. कोठारी** एवं **श्री प्रकाश तातेड़** केलवा गए। अध्यक्ष **श्री महेन्द्र कोठारी** भी हमारे साथ थे। वहां के सीनियर सैकण्डरी विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए एक लिखित प्रश्न पत्र प्रतियोगिता आयोजित की जिसमें कन्या विद्यालय की छात्राएं भी सम्मिलित हुई । कुल 70 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में विजेताओं को पुरस्कार **भिक्षु आलोक संस्थान** के समारोह में दिए जाएंगे। पुस्तक दान के अंतर्गत जो पुस्तकें आयीं उनमें से जिनको हमने पुस्तकालय में रखना उचित नहीं समझा उनकी भी बड़ी संख्या हो गई है उनमें से हम उस दिन लगभग सौ पुस्तके लेकर विद्यालय के अध्यापक जी को विद्यार्थियों में वितरित करने के लिए दी। छात्रवृति के लिए भी कुछ फार्म दिए जो प्रधानाचार्य जी पूर्ण कर **श्री महेन्द्र जी** के पास भेज देंगे। उसी प्रकार श्रेष्ठ अध्यापक चयन के लिए भी दोनों विद्यालय को तीन तीन नाम भेजने के लिए प्रधानाचार्य जी से निवेदन किया।

## सदस्यों सम्बन्धी

● हमारे एकेडेमिक सचिव **श्री प्रकाश तातेड़** को कोलकाता में आचार्य महाश्रमण के सान्निध्य में 9 सितम्बर को केन्द्रीय मंत्री श्री अर्जुनराम मेघवाल द्वारा ''**अणुव्रतसेवी**'' सम्बोधन पट्ट प्रदान कर सम्मानित किया गया, श्री तातेड़ का इस क्षेत्र में सचमुच सराहनीय योगदान रहा है।
हार्दिक बधाई!



●हमारी सदस्या **डॉ. अपर्णा शर्मा** जो भूपाल नोबल्स स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्या है को महिला शिक्षा में योगदान हेतु भारत विकास परिषद द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

●हमारे कार्यकारी अध्यक्ष **डॉ. के. पी. तलेसरा** विगत कुछ दिनों से हृदय रोग से पीड़ित होने पर चिकित्सकों की सलाह पर निवास स्थान पर स्वास्थ्य लाभ कर रहे हैं। उनके शीघ्र स्वस्थ होने की मंगलकामना करते हैं। इस रिपोर्ट के तैयार होते होते जानकारी मिली की डॉ. तलेसरा का साल हॉस्पीटल अहमदाबाद में **डॉ. अनिल जैन** द्वारा ओपन हार्ट सर्जरी की गई है और वो आई.सी.यू. में है।

●हमारे वरिष्ठ सदस्य **श्रीमान् के.एस. नाहर** साहब भी कुछ महीनों से स्वास्थ्य खराब होने के कारण स्वास्थ्य लाभ कर रहे हैं। स्वास्थ्य खराब होने पर भी आप महावीर इंटरनेशनल द्वारा आयोजित पिकनिक में सम्मिलित हुए। आपके भी शीघ्र स्वस्थ होने की मंगलकामना।

●हमारे वरिष्ठ संरक्षक सदस्य एवं पूर्व उपाध्यक्ष, **डॉ. डी.एस. कोठारी विज्ञान चेतना अभियान** के प्रायोजक **डॉ. यशवन्त कोठारी**



### विशेष कार्यक्रम

दिनांक 6 सितम्बर को राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के अंतर्गत विज्ञान समिति के युवा प्रकोष्ठ एवं नवाचार प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में एक अति उपयोगी कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसका संयोजन **डॉ. प्राची अविनाश** ने किया। कार्यक्रम का नाम था ''**जिज्ञासा**''। इसके अंतर्गत पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी पूर्व में प्राप्त प्रश्नों का उत्तर विशेषज्ञों ने दिया। विशेषज्ञ थे – 1) **डॉ. शशि जैन** अधिष्ठाता, गृह विज्ञान महाविद्यालय जिन्होंने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। 2) **डॉ. डी.सी. शर्मा** प्रसिद्ध मधुमेह रोग विशेषज्ञ 3) **डॉ. रेणु मोगरा** विभागाध्यक्ष खाद्य एवं पोषण विभाग, गृह विज्ञान महाविद्यालय 4) **डॉ. विभा आचार्य।** लगभग 100 सदस्यों की उपस्थिति थी। कार्यक्रम अत्यन्त रोचक एंव उपयोगी रहा। समय को ध्यान में रखते हुए कई प्रश्न अगले कार्यक्रम के लिए छोड़ दिए गए। कार्यक्रम में विज्ञान समिति के प्रमुख पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

का नाम पोलिया टीकाकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान हेतु वर्ल्ड रिकॉर्ड्स इण्डिया में दर्ज किया गया है। शिक्षा मंत्री श्रीमती किरण माहेश्वरी एवं विनय भाणावत के हाथों सम्मान दिया गया। हार्दिक बधाई। डॉ यशवन्त कोठारी को दूसरा सम्मान वरिष्ठ नागरिक परिषद उदयपुर द्वारा अंतर्राष्ट्रीय वरिष्ठ जन दिवस पर 1 अक्टूबर को विभूति सम्मान गृहमंत्री कटारिया जी द्वारा दिया गया। पुनः हार्दिक बधाई।

●हमारे मानद निदेशक एवं पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष **डॉ. एल.एल. धाकड़** इस माह वरिष्ठ नागरिक परिषद की दो दिवसीय संगोष्ठी के मुख्य संचालक के रूप में पूर्ण रूप से व्यस्त रहे। समिति के कई सदस्यों ने भी लेख दिये तथा आवश्यक सहयोग भी दिया।

## श्रद्धांजलि

हमारे संरक्षक सदस्य प्रसिद्ध नेत्र चिकित्सक **डॉ. अनिल कोठारी** के पूज्य पिताश्री (कोठारी परिवार के वरिष्ठतम सदस्य) **श्रीमान् गेहरीलाल जी कोठारी** का 92 वर्ष की आयु में देवलोकगमन दिनांक 14 सितम्बर को हो गया। श्री कोठारी जी का विद्यालयी शिक्षा में सराहनीय योगदान रहा था तथा अन्तिम वर्षों में प्रशासनिक कार्यों में भी काफी दक्षता दिखाई। एक सज्जन कर्मठ एवं ईमानदार व्यक्ति की उनकी छवि रही। विज्ञान समिति परिवार हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित करता है।

**बुक-पोस्ट**

प्रेषक : विज्ञान समिति, रोड़ नं. 17, अशोक नगर, उदयपुर

सेवा में

## जन्मदिन की बधाइयाँ

**October**

| | |
|---|---|
| Sh.K.S. Nahar | 05/10 |
| Sh. R.C. Bhatnagar | 09/10 |
| Dr. Yogesh Atal | 09/10 |
| Sh.Sanjay Kothari | 10/10 |
| Sh. K.L. Bohra | 18/10 |
| Smt. Rekha Paliwal | 19/10 |
| Sh. Ganesh Dagliya | 20/10 |
| Sh. L.L. Chandalya | 20/10 |
| Sh. B.S. Bhandari | 27/10 |
| Sh. M.S.Surana | 30/10 |

**November**

| | |
|---|---|
| Smt. Leela Surana | 01/11 |
| Dr. Shail Gupta | 01/11 |
| Dr. B.L.Chawat | 02/11 |
| Sh. S. K. Bhatnagar | 04/11 |
| Sh. M.K. Bhatnagar | 08/11 |
| Sh. H.V.Paliwal | 11/11 |
| Prof. Sushila Agarwal | 12/11 |
| Sh.Y.S. Kothari | 14/11 |
| Dr. K.L. Totawat | 23/11 |
| Mrs. Kusum Bhatnagar | 24/11 |
| Dr. B.L. Baser | 27/11 |
| Smt. Monika Kothari | 29/11 |





**सितम्बर माह में श्री शांतिलाल भंडारी एवं श्री जे.एस. पोखरना** का जन्मदिन समिति में उत्साहपूर्वक मनाया गया।

## विज्ञान समिति के अक्टूबर माह के कार्यक्रम

- **मासिक प्रकाशन :** लोकविज्ञान, लहर तथा मासिक रिपोर्ट का नियमित प्रकाशन
- **नियमित स्वास्थ्य सेवाएं**

❑ एक्यूप्रेशर चिकित्सा : प्रत्येक गुरुवार व शनिवार को सायंकाल 5 से 6.30 समिति परिसर में

❑ श्री बिजय कुमार सुराणा निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविरः समिति परिसर में तीसरे रविवार 15 अक्टूबर 2017 प्रातः 10 से 12 बजे तक

| नियमित मासिक गतिविधियां | दिनांक | समय |
|---|---|---|
| * नवाचार महिला प्रकोष्ठ मासिक बैठक | मंगलवार 10 अक्टूबर प्रातः | 11.00 बजे से |
| * कृषि वि.वि. साझा कार्यक्रम के अंतर्गत देवाली ग्राम सर्वेक्षण उन्नत गेंहु बीज गांव में पहुंचाना सिलाई प्रशिक्षण का समापन | विश्वविद्यालय अधिकारियों से दिनांक निश्चित कर कार्यक्रम किए जाएंगे | |
| * दर्शन विज्ञान प्रकोष्ठ | शनिवार 14 अक्टूबर प्रातः | 11.00 बजे से |
| * वरिष्ठ महिला प्रकोष्ठ मासिक बैठक | शुक्रवार 20 अक्टूबर प्रातः | 11.00 बजे से |
| * प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ बैठक | शनिवार 28 अक्टूबर प्रातः | 11.00 बजे से |
| * ग्रामीण महिला चेतना शिविर | मंगलवार 30 अक्टूबर प्रातः | 11.00 बजे से |
| **विशेष कार्यक्रम** | | |
| * डॉ. पी.एल. अग्रवाल स्मृति व्याख्यान | सोमवार 23 अक्टूबर प्रातः | 11.00 बजे से |
| * अन्य कार्यक्रम निर्णय होने पर | | |

### अपील

- कार्यकारिणी के निर्णयानुसार प्रत्येक सदस्य को एक हजार रु. प्रतिवर्ष समिति की गतिविधियों के लिए देना है। इस निर्णय का चौथा वर्ष पूर्ण हो रहा है। कृपया सहयोग प्रदान करावें।
- निर्माण, स्थायी कोष ( कोरपस फंड ), महिला समृद्धि कोष, छात्रवृत्ति कोष एवं अभावग्रस्तों को सहयोग फंड के लिए भी आर्थिक सहयोग अपेक्षित है।

**सौजन्य :- श्रीमान् मदनसिंह जी-श्रीमती लीला जी सुराना, 8-सी, मधुबन, उदयपुर (वर्तमान में हांगकांग)**